सत्यमेव जयते

तमिलनाडु बाढ़

सीखे गए सबक
और
सर्वोत्तम प्रथाएं
एक रिपोर्ट

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

भारत सरकार

तमिलनाडु सरकार
द्वारा वर्ष 2015 की बाढ़
के बाद में अपनाई गई
सर्वोत्तम प्रथाएँ
एनडीएमए द्वारा किए गए अध्ययन
पर एक रिपोर्ट

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
National Disaster Management Authority
भारत सरकार
Government of India

सत्यमेव जयते

प्राक्कथन

भारत में शहरी बाढ़ का आना तुलनात्मक रूप से एक नई घटना है। इन बाढ़ों की आपदा से निपटने की तैयारियों और प्रशमन के उपाय नदी की बाढ़ के उपायों से भिन्न होते हैं, जो देश में पहचाने गए बाढ़–प्रवण क्षेत्रों में किए जाते हैं।

तमिलनाडु, जो बाढ़–जोखिम क्षेत्र के अंतर्गत आता है, में उत्तर–पूर्वी मानसून हवाओं के कारण नवम्बर–दिसम्बर, 2015 के दौरान असाधारण रूप से भारी वर्षा दर्ज की गई। इसके कारण राजधानी शहर चेन्नई और आस–पास के दो जिलों–कांचीपुरम और तिरुवल्लुर में विनाशकारी बाढ़ आई।

बाढ़ से सिंचाई के बुनियादी ढांचे, सड़कों और जन–सुविधाओं के साथ–साथ मानव जीवन और पशुधन की बड़ी हानि हुई। बाढ़ ने लोगों के घरेलू सामानों और मोटर वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया, और कई घरों को उजाड़ दिया। तमिलनाडु सरकार ने लोगों को राहत–सामग्री पहुंचाने तथा लोगों को राहत देने और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कई उपाय किए।

इस पृष्ठभूमि में, यह अध्ययन तमिलनाडु द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रलेखीकरण करने के लिए किया गया था, जिनमें विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित लोगों को डुप्लीकेट रेकॉर्ड/प्रमाणपत्र जारी करना शामिल था, इस अध्ययन में राज्य द्वारा अपने शहरों को बाढ़–समुत्थानशील बनाने के लिए किए जा रहे दीर्घकालिक उपायों का भी परीक्षण किया गया। अध्ययन के आधार पर जोखिम प्रशमन के लिए कुछ अनुशंसाएं भी की गई हैं।

हम 2015 की बाढ़ के दौरान अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रलेखीकरण करने के अपने प्रयासों में तमिलनाडु सरकार द्वारा दिए गए समर्थन और सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हमें उम्मीद है कि इस अध्ययन से अन्य राज्य सरकारों को बाढ़ की आपदा से निपटने की तैयारियों और पुनर्वास के प्रयासों की योजना बनाने में मदद मिलेगी।

श्री कमल किशोर	डॉ. डी.एन. शर्मा	ले.जे. एन.सी. मारवाह (सेवानिवृत्त)	श्री आर.के. जैन भा.प्र.से.(सेवानिवृत्त)
सदस्य, एनडीएमए	सदस्य, एनडीएमए	सदस्य, एनडीएमए	सदस्य, एनडीएमए

एन.डी.एम.ए. भवन, ए-1, सफदरजंग एन्कलेव, नई दिल्ली-110029/ NDMA Bhawan, A-1, Safdarjung Enclave, New Delhi-110 029
दूरभाष/Tel. :+91 11 26701700 फैक्स/Fax : +91 11 26701831

डॉ. वी. तिरुपुगल, भा.प्र.से
संयुक्त सचिव

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
भारत सरकार
एनडीएमए भवन
ए–1, सफदरजंग एनक्लेव
नई दिल्ली–110029
फोन : +91 1126701747 फैक्स : +91 11 26701816
ई–मेल : jspp@ndma.gov.in

आभार

बाढ़ सर्वाधिक उभयनिष्ठ आपदाओं में से एक है और भारत में बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित करती है। देश में अच्छी तरह से सीमांकित किए गए बाढ़–प्रवण क्षेत्र हैं, जिनके लिए विभिन्न तैयारी के उपाय किए गए हैं। हालांकि, हाल के दिनों में, उन क्षेत्रों में बाढ़ आई है, जहां कभी बाढ़ को खतरा नहीं माना जाता था। घटनाओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए इन घटनाओं का अध्ययन करना महत्वपूर्ण है, जिससे कारणों पर गहनता से विचार करने और इन घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए पर्याप्त और प्रभावकारी प्रणालियों को क्रियान्वित किया जा सके। इस तरह के अध्ययन से हमें कमियों की पहचान के साथ–साथ सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रलेखित करने में भी मदद मिलती है, जो आपदा प्रबंधन योजना में काम में आ सकते हैं। इस तरह के अध्ययन नई और अभिनव प्रथाओं को भी सामने लाते हैं जो प्रभावी और कुशल तरीके से ऐसे खतरों के प्रबंधन के लिए मददगार साबित हो सकती है।

तमिलनाडु सरकार द्वारा अपनाई गई इस तरह की एक अभिनव प्रथा 2015 में चेन्नई में बाढ़ के दौरान खो गए दस्तावेजों के डुप्लीकेट कागज जारी करने के लिए एकल–खिड़की प्रणाली की व्यवस्था करना था। एनडीएमए ने इस प्रथा का अध्ययन और प्रलेखन करने का फैसला किया ताकि इसे अन्य राज्यों में व्यापक रूप से प्रसारित/प्रचारित किया जा सके।

मैं डॉ. के. सत्यगोपाल, प्रधान सचिव तथा आयुक्त, राजस्व प्रशासन, तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने इस अध्ययन को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं श्री अतुल्य मिश्र, प्रधान सचिव, उद्योग, तमिलनाडु सरकार का, तत्कालीन प्रधान सचिव/आयुक्त, राजस्व प्रशासन के रूप में 2015 बाढ़ के प्रबंधन में उनकी अंतर्दृष्टि के लिए, भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

डॉ. डी. कार्तिकेयन, आयुक्त, चेन्नई नगर निगम तथा श्री पी. पूनिया, भा.प्र.से., जिला कलेक्टर, कांचीपुरम ने बैठकों और क्षेत्र के दौरे को सुकर बनाया। सुश्री संगीता, प्रभारी–कलक्टर, चेन्नई ने एक बैठक भी आयोजित की, जिसमें सभी हितधारक उपस्थित थे। मैं इन आयोजनों की अत्यन्त सराहना करता हूं जिसमें लाभार्थियों के साथ बातचीत की व्यवस्था भी शामिल है। इसके बिना, अध्ययन का काम पूरा नहीं हो सकता था।

मैं उन लाभार्थियों को पूरी प्रक्रिया की जानकारी को हमारे साथ स्वयं आकर साझा करने के लिए धन्यवाद देता हूँ जिन्हें डुप्लीकेट दस्तावेज/प्रमाण–पत्र निःशुल्क जारी किए गए थे।

मैं इस दौरे के दौरान टीम को सुविधा/सहयोग प्रदान करने के लिए, तथा इस अध्ययन के संचालन में हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए तमिलनाडु सरकार को हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं, एनडीएमए के सदस्यों को, इस अध्ययन दौरे के लिए उनके अटूट समर्थन के साथ–साथ आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) की दिशा में की गईं अन्य पहलों के लिए विशेष धन्यवाद देता हूं। मैं संस्थागत सहायता के लिए संगठन और उसके कर्मचारियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा।

अन्त में, श्री नवल प्रकाश, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (एसआरओ), एनडीएमए तथा श्री शंकर महतो, वरिष्ठ परामर्शदाता, नदी व बाढ़ कटाव विषय, एनडीएमए को अध्ययन के संचालन करने में तथा रिपोर्ट को अंतिम रूप देने में दिए गए उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।

V. Thiru

डॉ. वी. तिरुपुगल,
संयुक्त सचिव (नीति एवं योजना), एनडीएमए

तमिलनाडु सरकार द्वारा 2015 की बाढ़ के बाद में अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाएँ

एनडीएमए द्वारा किए गए अध्ययन पर एक रिपोर्ट

1 पृष्ठभूमि

1.1 उत्तर पूर्व मानसून के कारण नवंबर–दिसंबर, 2015 के दौरान तमिलनाडु में असाधारण रूप से भारी वर्षा दर्ज की गई। यह अप्रत्याशित वर्षा चार अवधियों में हुई :

i. 8 से 10 नवम्बर, 2015 तक मुख्य रूप से कुड्डालोर जिले में, जिससे व्यापक नुकसान हुआ,

ii. 12 से 13 नवम्बर, 2015 तक, जिसने कांचीपुरम शहर को बुरी तरह से प्रभावित किया;

iii. 15 से 17 नवम्बर, 2015 तक के दौरान चेन्नई और आस–पास के जिलों कांचीपुरम और तिरुवल्लुर में भारी वर्षा हुई;

iv. 30 नवम्बर से 07 दिसम्बर, 2015, जिसने फिर से चेन्नई तथा आस–पास के 2 जिलों पर इतनी अधिक तीव्रता के साथ आघात किया कि इसने गंभीर क्षति और विनाश करके महानगर के बड़े हिस्सों को नुकसान पहुंचाया, तथा महानगर के बड़े हिस्सों के लोगों को खासकर निचले इलाकों में, एक साथ लगातार कई दिनों तक अपनी छतों पर बारिश में असहाय रूप में रखकर भारी नुकसान पहुंचाया।

(स्रोत : तमिलनाडु सरकार द्वारा ज्ञापन)

1.2 जबकि तमिलनाडु के कई जिलों में वर्षा की पहले तीन अवधियों में बाढ़ आ गई, जिससे बुनियादी ढांचे और संपत्ति को नुकसान पहुंचा और लोगों को परेशानी हुई, 2 दिसम्बर, 2015 को बारिश के दौर में, चेन्नई महानगर के निकटवर्ती इलाकों और कांचीपुरम तथा तिरुवल्लुर के आस–पास के जिलों में बाढ़ आ गई। इस कम समय में हुई अप्रत्याशित वर्षा ने अचानक आई विनाशकारी बाढ़ की वजह से सिंचाई के बुनियादी ढांचे, सड़कों और जन–सुविधाओं के साथ–साथ मानव–जीवन और पशुधन को बड़ा नुकसान पहुंचाया।

2 तमिलनाडु की वर्षा स्वरूप (पैटर्न)

2.1 तमिलनाडु अपनी अधिकांश वर्षा पूर्वोत्तर मानसून से प्राप्त करता है। वर्षा वितरण का सामान्य पैटर्न निम्नानुसार है :

तालिका 1 – तमिलनाडु का वर्षा पैटर्न

मौसम	माह	सामान्य वर्षा (मिमी में)	वार्षिक वर्षा की प्रतिशतता
सर्दियों की वर्षा	जनवरी–फरवरी	31.3	3.40%
गर्मी की वर्षा	मार्च–मई	128.0	13.90%
दक्षिण–पश्चिम मानसून	जून–सितम्बर	321.2	34.88%
पूर्वोत्तर मानसून	अक्तूबर–दिसम्बर	440.4	47.82%
औसत वर्षा		920.9	100.00%

(स्रोत : तमिलनाडु सरकार द्वारा जारी ज्ञापन)

2.2 तालिका 1 से यह स्पष्ट है कि राज्य में अक्तूबर से दिसंबर की अवधि के दौरान उत्तर–पूर्व मानसून से लगभग 40% वर्षा होती है।

3 2015 का वर्षा पैटर्न

3.1 आमतौर पर, बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र की प्रणालियों के गठन के बाद, इस मौसम में वर्षा कई अवधियों में होती है, जो तेज गति की हवाओं के साथ तीव्र अवसाद (डिप्रेशन) और चक्रवात को तेज कर सकती है। 2015 में, पूर्वोत्तर मानसून दिनांक 28.10.2015 को देर से शुरू हुआ और बंगाल की खाड़ी के ऊपर तीन समकालिक मौसम प्रणालियों के कारण तमिलनाडु में बाढ़ आई :

- 8 नवंबर और 10 नवंबर, 2015 के बीच बंगाल की खाड़ी पर छाया गहरा अवसाद;
- 12 नवंबर और 18 नवंबर, 2015 के बीच दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र; तथा
- 28 नवंबर और 4 दिसम्बर, 2015 के बीच दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव।

3.2 चेन्नई के महानगरीय शहर के साथ–साथ आस–पास के जिले कांचीपुरम और तिरुवल्लुर तथा तटीय जिले कुड्डालोर बुरी तरह प्रभावित हुए थे। नवंबर, 2015 के दौरान, चेन्नई में 101.8 सेमी वर्षा हुई, जो 1918 के बाद एक महीने में दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है।

3.3 1.12.2015 से 5.12.2015 तक की अवधि के दौरान प्राप्त जिलेवार वर्षा तालिका 2 में नीचे दी गई है।

तालिका 2– पूर्वोत्तर मानसून, 2015 के दौरान सर्वाधिक प्रभावित जिलों का वर्षा पैटर्न

क्रम संख्या	जिला	5 दिनों के लिए वास्तविक वर्षा (मिमी में)	5 दिनों के लिए सामान्य वर्षा (मिमी में)	अधिकतम/अतिरिक्त प्रतिशत
1	चेन्नई	399.0	40.6	+ 883 %
2	कांचीपुरम	467.2	34.5	+ 1254 %
3	तिरुवल्लुर	355.2	34.8	+ 863 %
4	कुड्डालोर	277.8	49.9	+ 451 %
5	नागापट्टिनम	263.1	73.9	+ 256 %
6	विलुप्पुरम	240.0	27.8	+ 764 %

(स्रोत : तमिलनाडु सरकार द्वारा जारी ज्ञापन)

3.4 चेन्नई, कांचीपुरम और तिरुवल्लुर जिलों में क्रमशः 2.5, 3.8 और 3.2 गुणा सामान्य वर्षा हुई थी। कुड्डालोर जिले में 1.9 गुणा सामान्य वर्षा हुई, जबकि नागापट्टिनम और विलुप्पुरम में 2.5 गुणा सामान्य वर्षा हुई।

3.5 15 नवंबर 2015 को चेन्नई, तिरुवल्लुर तथा कांचीपुरम जिलों में क्रमशः 22 सेमी, 23 सेमी तथा 24 सेमी वर्षा हुई। दिसंबर, 2015 को इन जिलों में फिर से क्रमशः 27.6 सेमी, 25.8 सेमी तथा 33.6 सेमी के आकार की बहुत–ज्यादा वर्षा हुई। उसी दिन ताम्बरम में 494 मिमी., तिरुवल्लुर जिले के चेम्बरमबक्कम में 475.0 मिमी. तथा कांचीपुरम जिला के कट्टुकुप्पम में 429 मिमी. वर्षा हुई।

4 बाढ़ और उसके परिणाम

4.1 इस अभूतपूर्व स्तर की वर्षा का परिणाम तत्काल हुआ और विनाशकारी स्तर का था क्योंकि बड़ी जल निकाय वर्षा के जल से लबालब भर गए थे और अडयार, कूउम तथा कोसाथलाई जैसी बड़ी नदियों में यह पानी जा रहा था, जो बदले में चेन्नई शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में घुस गया, जिससे चेन्नई शहर में कई फीट की ऊँचाई तक पानी भर जाने से कई घर जल द्वीप बन गए। इस बाढ़ ने इन क्षेत्रों की शहरी आबादी की बड़ी संख्या को बड़ी कठिनाई में डाल दिया तथा सार्वजनिक और निजी संपत्ति को गंभीर नुकसान पहुंचाया। पानी इमारतों में प्रवेश कर गया, यहां तक कि कुछ क्षेत्रों/इलाकों में पहली मंजिलों में भी, जिससे निवासी भोजन, पानी तथा बिजली जैसी आवश्यक चीजों के बिना अपने भवनों की छत के ऊपर फंस के रह गए, इसके अलावा उनके सभी घरेलू फर्नीचर/उपकरणों/वस्तुओं और मोटर वाहनों का पूरी तरह से नुकसान हुआ, और आने वाले लंबे समय के लिए उनके घरों को निर्जन/वीरान बना दिया। लोगों को राज्य सरकार द्वारा स्थापित अस्थायी आश्रय–केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया।

4.2 चेन्नई, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम और कुड्डालोर जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों के महत्वपूर्ण दस्तावेजों के नुकसान के मुद्दे पर, माननीय मुख्यमंत्री ने, 07.12.2015 की घोषणा में, दस्तावेजों (ड्राइविंग लाइसेंस, आर.सी. बुक, आदि) की प्रतियों तथा नकल को प्राप्त करने के लिए शुल्क के भुगतान में पूरी छूट देने के लिए आदेश दिया। अधिकारियों को इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए दो सप्ताह के लिए विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया (अनुबंध I)।

4.3 सभी सरकारी विभागों, विशेष रूप से ग्यारह बड़े प्रमुख विभागों–राजस्व, नागरिक आपूर्ति, जनगणना, बैंक, पंजीकरण, चेन्नई नगर निगम, तेल निगम, परिवहन, विद्यालय शिक्षा, जिला दिव्यांग जन कल्याण कार्यालय (डीडीएडब्ल्यूओ) तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) ने इस प्रक्रिया में भाग लिया। सभी आवेदनों को जमा करने और आसानी से उनको भरने के लिए सहायता हेतु एकल खिड़की शिविर आयोजित किए गए थे (सभी भाग लेने वाले/प्रतिभागी विभागों ने स्टॉल लगाए थे)।

5 एनडीएमए द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन

5.1 डॉ. वी. तिरुपुगल, संयुक्त सचिव (नीति और योजना), एनडीएमए के नेतृत्व में एक टीम ने जून, 2017 में चेन्नई और कांचीपुरम जिले में प्रभावित आबादी के लिए तमिलनाडु सरकार द्वारा किए गए बाढ़ राहत उपायों का आकलन करने के लिए चेन्नई और कांचीपुरम का दौरा किया। टीम में निम्नलिखित अधिकारी–गण शामिल थे :

- डॉ. वी. तिरुपुगल, संयुक्त सचिव (नीति एवं योजना), एनडीएमए
- श्री नवल प्रकाश, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी, एनडीएमए
- श्री शंकर महतो, वरिष्ठ परामर्शदाता (बाढ़ और नदी कटाव), एनडीएमए

6 दौरे के उद्देश्य

6.1 टीम द्वारा अध्ययन के उद्देश्य निम्नलिखित थे :

- तमिलनाडु द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं और बाढ़ प्रभावित लोगों को डुप्लीकेट रेकार्ड/प्रमाण–पत्र, आदि को जारी करने की प्रक्रिया में सीखे सबकों का अध्ययन करने के लिए।
- बाढ़ से सीखे सबक तथा बाढ़ की आपदा से निपटने की बेहतर तैयारी के लिए किए जा रहे परवर्ती उपायों का अध्ययन करने के लिए।
- अनुशंसाएं करने के लिए तथा सर्वोत्तम प्रथाओं को अन्य राज्यों और हितधारकों में प्रसार करने के लिए।

7 दौरा किए गए स्थान

कांचीपुरम

7.1 टीम ने 21.06.2017 को कांचीपुरम कलक्ट्रेट का दौरा किया, जिसमें उन्होंने अधिकारियों और लाभार्थियों के साथ विचार–विमर्श किए। विचार–विमर्श में निम्न शामिल था :–

क) जिला प्रशासन द्वारा पीपीटी (पूर्वोत्तर मानसून 2015 में कांचीपुरम जिले में बाढ़ से नुकसान, 2015 की बाढ़ तथा उसकी आपदा से निपटने की तैयारी तथा वरदा चक्रवात 2016 पर एक मूल्यांकन : कांचीपुरम जिले में नुकसान, बचाव, राहत तथा पुनः बहाली)

ख) 2015 की बाढ़ तथा वरदा चक्रवात 2016 पर लघु वीडियो

ग) अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श (अनुबंध II में अधिकारियों की सूची संलग्न है)।

घ) लाभार्थियों के साथ बातचीत (अनुबंध VI के रूप में कुछ व्यक्ति के स्वयं पर गुजरे हुए अनुभव संलग्न हैं)।

7.2 टीम ने कई गाद–निकासी स्थलों का दौरा किया जहां भविष्य की बाढ़ आपदाओं का सामना करने की तैयारियों के हिस्से के रूप में नदियों में गाद (सिल्ट) निकासी की गतिविधियां चल रही थीं।

7.3 टीम ने तमिलनाडु के सबसे बड़े सिंचाई टैंक चेम्बरमबक्कम टैंक का भी राज्य में जल प्रबंधन में इसकी कार्यप्रणाली और भूमिका को समझने के लिए दौरा किया।

आयुक्त, राजस्व प्रशासन का कार्यालय (सीआरए कार्यालय), चेन्नई

7.4 टीम ने 22.06.2017 को सीआरए कार्यालय, चेन्नई का दौरा किया जहां इसने डॉ. के. सत्यगोपाल, प्रधान सचिव/आयुक्त, राजस्व प्रशासन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की (अनुबंध III में अधिकारियों की सूची संलग्न है)।

7.5 टीम ने श्री अतुल्य मिश्र, प्रधान सचिव, उद्योग, तमिलनाडु सरकार से भी मुलाकात की। वर्ष 2015 की बाढ़ के दौरान श्री मिश्र राजस्व प्रशासन के प्रधान सचिव/आयुक्त थे।

बृहत्तर (ग्रेटर) चेन्नई निगम का दौरा

7.6 टीम ने बृहत्तर चेन्नई नगर निगम का दौरा किया जहां इसने अधिकारियों के साथ बातचीत की तथा उनका चेतावनी प्रसार नेटवर्क के अवलोकन के लिए उनके नियंत्रण कक्ष का भी दौरा किया। विचार–विमर्श में निम्न शामिल था :–

क) बृहत्तर चेन्नई नगर निगम द्वारा पीपीटी (2015 की बाढ़ : चेन्नई चुनौतियां, चेन्नई नगर निगम के विस्तृत क्षेत्रों के लिए समन्वित तूफान–जल की निकासी प्रणाली तथा वरदा 2016 : चेन्नई में चक्रवात आगमन)।

ख) 2015 की बाढ़ तथा 2016 वरदा चक्रवात पर लघु वीडियो

ग) अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श (अनुबंध IV में अधिकारियों की सूची संलग्न है)।

चेन्नई कलक्ट्रेट

7.7 टीम ने चेन्नई कलक्ट्रेट का दौरा किया जिसमें इसने अधिकारियों तथा लाभार्थियों के साथ बातचीत की। बातचीत में निम्नलिखित शामिल था–

क) जिला प्रशासन द्वारा तैयार पीपीटी (चेन्नई जिला पूर्वोत्तर मानसून 2015–प्रभावित लोगों जिन्होंने अपने **प्रमाण–पत्र/अन्य** दस्तावेज खो दिए थे, को **प्रमाण–पत्र/दस्तावेज** जारी करने पर प्रस्तुति)।

ख) 2015 बाढ़ तथा 2016 वरदा चक्रवात पर लघु वीडियो।

ग) अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श (अधिकारियों की सूची अनुबंध V में शामिल है)।

घ) लाभार्थियों के साथ बातचीत (लाभार्थियों के कुछ पहले–व्यक्ति के अनुभव अनुबंध VI के रूप में संलग्न हैं)।

8 दौरे की मुख्य बातें–प्रमुख अवलोकन

सर्वोत्तम प्रथा : डुप्लीकेट प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों को जारी करना

8.1 जब अधिकारियों ने इन अस्थायी आश्रय–स्थलों का दौरा किया, तो प्रभावित लोगों ने उन महत्वपूर्ण दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों जैसे कि पट्टा, शैक्षिक प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पास बुक, आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, आदि के बारे में चिंता व्यक्त की जो उन्होंने बाढ़ में खो दिए थे।

8.2 माननीय मुख्यमंत्री ने, 07.12.2015 की घोषणा में, अन्य चीजों के अलावा, चेन्नई, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम तथा कुड्डालोर जिलों में भारी बाढ़ के कारण जिन्होंने अपने दस्तावेज खो दिए थे, उनके द्वारा दस्तावेजों (ड्राइविंग लाइसेंस, आर.सी. बुक, आदि) की प्रतियां तथा नकल (डुप्लीकेट) प्राप्त करने के लिए शुल्क के भुगतान से पूरी छूट देने का आदेश दिया (अनुबंध I)।

खोए हुए दस्तावेजों/प्रमाण–पत्रों के लिए शिविर

8.3 सरकार ने अधिकारियों को 14.12.2015 से शुरू होने वाले दो सप्ताह के लिए विशेष शिविर को आयोजित करने का भी निर्देश दिया जिसमें विभिन्न राज्य सरकार के विभागों और केंद्र सरकार के संगठनों को भाग लेना था तथा प्रभावित जनता से आवेदन–पत्रों को प्राप्त करना था तथा बिना कोई शुल्क वसूले एक सप्ताह के भीतर उन्हें दस्तावेजों की आवश्यकता प्रतियां जारी की जानी थीं। यह आदेश केवल चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लुर और कुड्डालोर जिलों के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए लागू था और उपर्युक्त प्रतियों/डुप्लीकेट दस्तावेजों को जारी करने के लिए विशेष शिविरों के पूरा होने तक लागू रहना था। बाद में, डुप्लीकेट दस्तावेजों को निःशुल्क जारी किया जाना शुरू किया गया था (अनुबंध VII)।

8.4 डुप्लीकेट दस्तावेजों को जारी करने के लिए शिविरों की योजना 14 दिनों की अवधि यानी 14 से 28 दिसंबर, 2015 तक के लिए बनाई गई थी। इन शिविरों को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चलाया गया। इन शिविरों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रधान सचिव (प्रशासन) को निगरानी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया था तथा अन्य भा.प्र.से. अधिकारियों को नोडल अधिकारियों के रूप में नियुक्त किया था। उन लोगों को प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया था जिन्होंने बाढ़ में उसे खो दिए थे। उभयनिष्ठ सेवा केंद्रों पर ऐसे दस्तावेजों के प्रतिस्थापन के लिए आवेदन–पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था भी की गई थी। विभिन्न दस्तावेजों के लिए आवेदन के प्रपत्र अनुबंध VIII से XIII तक में हैं।

8.5 प्रभावित लोगों को शिविरों में डुप्लीकेट दस्तावेज को जारी करने के लिए अपेक्षित प्रपत्रों में आवेदन करना होता था जो व्यापक रूप से उपलब्ध कराए गए थे। खोए हुए दस्तावेजों के लिए कोई प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने की आवश्यकता नहीं थी। आवेदन अनिवार्य रूप से मानकीकृत द्विभाषी आवेदन प्रपत्रों पर किए जाने थे, जो आवेदकों को मुफ्त में दिए गए थे। इस प्रकार प्रस्तुत आवेदन–पत्रों को स्वीकार किया गया, संबंधित विभागों द्वारा पूरी तरह से सत्यापित किया गया और दो सप्ताह के भीतर डुप्लीकेट जारी किए गए। तैयार हो जाने पर, व्यक्तियों को उनके मोबाइल नंबरों पर डुप्लीकेट प्रमाण–पत्रों/दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए सूचित किया गया था।

8.6 मौके पर ही निर्णय लेने के लिए नोडल अधिकारी द्वारा एक विकेन्द्रीकृत निर्णय लेने के दृष्टिकोण को अपनाया गया था।

8.7 सभी सरकारी विभागों, विशेष रूप से ग्यारह प्रमुख विभागों–राजस्व, नागरिक आपूर्ति, जनगणना, बैंक, रजिस्ट्रेशन, चेन्नई नगर निगम, तेल निगम, परिवहन, विद्यालय शिक्षा, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी (डीडीएडब्ल्यूओ) तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई)–ने अभ्यास में भाग लिया।

8.8 लगभग दो सप्ताह पूर्व आम जनता को इन शिविरों के बारे में जानकारी/सूचना दी गई थी। इन शिविरों के विषय में उन्हें अवगत कराने के लिए संचार के विभिन्न साधनों का प्रयोग किया गया था। यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रभावित लोगों की अधिकतम संख्या इन शिविरों का लाभ उठावें, ऑटो रिक्शा पर लगे स्पीकर के माध्यम से भी घोषणा कराई गई थी।

8.9 इन शिविरों में से प्रत्येक में, आवेदकों के मार्गदर्शन के लिए दो स्वागत कक्ष (रिसेप्शन डेस्क) स्थापित किए गए थे। चेन्नई में, डुप्लीकेट **प्रमाण–पत्रों/दस्तावेजों** को जारी करने के लिए कुल 51,654 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे (विवरण तालिका 3 में हैं)। इन सभी आवेदन पत्रों की जांच की गई थी तथा आवेदकों को संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए थे। सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आयोजित, ये शिविर एक बड़ी सफलता थे।

8.10 कांचीपुरम में, इन शिविरों में कुल 42,810 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। जबकि अधिकांश आवेदन पत्रों (37,001) का सफलतापूर्वक निपटान किया गया था, कुछ प्रक्रियात्मक खामियों या सूचना के बेमेल होने के कारण 5809 आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए गए थे। ध्यातव्य है कि 5,809 अस्वीकृत आवेदन पत्रों में से, 4,112 परिवार कार्ड/राशन कार्ड से संबंधित थे (विवरण तालिका 4 में है)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत उचित मूल्य की दुकानों के साथ उपलब्ध आंकड़ों के माध्यम से इन आवेदन पत्रों की विस्तृत जांच ने इस तथ्य को सामने लाया कि जानकारी का बहुत अधिक दोहराव हुआ। कई आवेदकों के पास कई राशन कार्ड थे और उनके द्वारा प्रदान की गई जानकारी में सटीकता के मुद्दे थे। उचित मूल्य की दुकानों द्वारा दी गई सूचना (इनपुट) के आधार पर केवल वास्तविक आवेदकों को ही डुप्लीकेट राशन कार्ड जारी किए गए थे।

8.11 कॉलेज के छात्रों ने भी अपने कॉलेज प्रमाण–पत्रों के बारे में चिंता व्यक्त की जो बाढ़ के पानी के कारण खो गए थे या कटे–फटे थे। हालांकि, इन शिविरों के दौरान कॉलेज प्रमाण–पत्र जारी नहीं किए गए थे क्योंकि इसमें विभिन्न विश्वविद्यालय शामिल थे।

8.12 ग्राम प्रशासनिक अधिकारियों (वीएओ) ने उन लोगों की मदद की जिन्हें सर्वे नंबर/पट्टा नंबर की जानकारी नहीं थी।

8.13 यदि आवेदक के मूल दस्तावेज किसी दूसरे तालुका में पंजीकृत थे, तब भी आवेदन–पत्रों को स्वीकार किया गया था। आवेदन–पत्रों को संबंधित प्राधिकरण को प्रेषित किया गया जहां मूल दस्तावेज पंजीकृत थे, डुप्लीकेट दस्तावेजों को प्राप्त किया गया था और संबंधित व्यक्तियों को सौंप दिया गया था।

9 तमिलनाडु द्वारा अपनाई गई प्रथाओं से सीखे गए सबक

9.1 असुरक्षित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों/समुदायों को उनके प्रमाण–पत्रों/दस्तावेजों के महत्व और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर संभाल कर रखने की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए।

9.2 लोगों को अपने सरकारी दस्तावेजों को आधार से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

9.3 आवेदकों से अपेक्षित जानकारी एकत्र करने के लिए मानक प्रारूप (फॉर्मेट) विकसित करना। विभिन्न दस्तावेजों की डुप्लीकेट प्रतियों को जारी करने के लिए तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रयुक्त फॉर्मेट आपके संदर्भ के लिए अनुबंध में संलग्न हैं।

9.4 आवेदन–पत्र भरने में आसानी के लिए कई स्थानों पर उभयनिष्ठ सेवा केंद्र स्थापित करें

9.5 संबंधित तहसीलदार द्वारा नुकसान के बारे में जारी किए जाने वाले एक प्रमाण–पत्र के आधार पर दस्तावेज जारी किए जाएंगे, नुकसान की रिपोर्ट करने के लिए प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है।

9.6 दस्तावेजों को निःशुल्क या मामूली मूल्य, जैसा उचित लगे, पर जारी किया जाना चाहिए।

तालिका 3 : चेन्नई में विशेष शिविरों में आवेदन–पत्रों का विवरण

क्रम संख्या	विभाग का नाम	प्राप्त आवेदन	निपटाए गए आवेदन–पत्र	निपटान का प्रतिशत	जारी किए गए प्रमाण पत्र/दस्तावेज/सहायता सामग्री	दस्तावेजों जिन पर विश्वास किया गया
1.	राजस्व	1,785	1,785	100	क) कानूनी उत्तराधिकार प्रमाण–पत्र ख) पट्टा ग) समुदाय प्रमाण–पत्र घ) आय प्रमाण–पत्र	क) तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र ख) फील्ड में पूछताछ के द्वारा
2.	नागरिक आपूर्ति	3,295	3,295	100	क) राशन कार्ड	ख) संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र में अनुरक्षित 'ए' रजिस्टर का सत्यापन
3.	जनगणना	3,383	3,383	100	क) आधार यूआईडी	क) संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र ख) शिविर में प्राप्त बायो–मैट्रिक विवरणों को बैक–अप डेटा के साथ क्रॉस–चैक किया गया था।
4	बैंक	2,423	2,423	100	क) खाता पास बुक ख) पास बुक में प्रविष्टियां ग) एटीएम कार्ड	क) संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र ख) शिविरां में ली गई तस्वीरों और केवाईसी विवरणों को संबंधित बैंक शाखाओं के साथ सत्यापित किया गया।

5.	पंजीकरण	2,439	2,439	100	क) बिक्रीनामा दस्तावेज ख) उपहार विलेख (गिफ्ट डीड) ग) विभाजन विलेख घ) मूल दस्तावेज	क) संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र ख) संबंधित उप–रजिस्ट्रार कार्यालयों में बैकअप डेटा से जुड़े/संबंधित पक्षों के नाम और गांव की सर्वेक्षण संख्या के आधार पर दस्तावेजों की खोज
6.	चेन्नई निगम	13,407	13,407	100	क) लागू नहीं (एन/ए)	क) लागू नहीं (एन/ए)
7.	तेल निगम	1,639	1,639	100	क) गैस कनेक्शन बुक ख) मूल लागत के 50% के भुगतान पर खो गए सिलेंडर के बदले में रिफिल सिलेंडर देना।	क) संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र ख) संबंधित गैस–एजेंसियों द्वारा रजिस्टरों/डेटा का सत्यापन
8.	परिवहन	12,039	12,039	100	क) वाहन का पंजीकरण प्रमाण–पत्र ख) ड्राइविंग लाइसेंस ग) वाहन का परमिट	क) संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र ख) संबंधित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) द्वारा अनुरक्षित रजिस्टरों/डेटा का सत्यापन ग) आवेदकों द्वारा वाहनों के सही तरह से चलने की जांच करने के लिए विशेष शिविर लगाए गए।

9.	विद्यालय शिक्षा	10,971	10,971	100	क) स्थानांतरण प्रमाण–पत्र ख) आचरण प्रमाण–पत्र ग) अंक पत्र	क) संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र ख) संबंधित विद्यालयों और निदेशालयों द्वारा अनुरक्षित रजिस्टरों/डेटा का सत्यापन
10.	डीडीएडब्ल्यूओ	174	174	100	क) दिव्यांग हेतु तिपहिया साइकिल ख) व्हीलचेयर ग) बैसाखी घ) राष्ट्रीय पहचान पत्र	क) संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र ख) डॉक्टरों द्वारा आवेदकों की विकलांगता स्थिति का आकलन करने के लिए विशेष शिविर लगाए गए थे।
11.	तकनीकी शिक्षा (आईटीआई)	99	99	100	क) राष्ट्रीय व्यापार प्रमाण–पत्र (एनटीसी)	क) संबंधित तहसीलदार द्वारा जारी बाढ़–पीड़ित प्रमाण–पत्र ख) निदेशालय द्वारा अनुरक्षित अभिलेखों का सत्यापन

तालिका 4 : कांचीपुरम में विशेष शिविरों में आवेदनों का विवरण

याचिका विवरण	बैंक पास बुक	परिवार कार्ड	आधार कार्ड	पट्टा की प्रति	पंजीकृत दस्तावेज की प्रति	ऐपिक (निर्वाचक फोटो पहचान पत्र)	गैस कनेक्शन बुक	ड्राइविंग लाइसेंस	विद्यालय प्रमाण–पत्र	जन्म और मृत्यु प्रमाण–पत्र की प्रति	विकासात्मक दिव्यांगता क्षेत्रीय कार्यालय (डीडीआरओ)	आईटीआई	रोजगार	कुल
प्राप्ति	432	12608	1887	2878	2668	11211	231	4928	4096	1867	1	2	1	42810
स्वीकृत व प्रति जारी की गई	412	8496	1061	2812	2278	11203	200	4627	4086	1822	1	2	1	37001
अस्वीकृत*	20	4112	826	66	390	8	31	301	10	45	0	0	0	5809

**कुछ प्रक्रियात्मक खामियों या सूचना–बेमेल रहने के कारण आवेदन–पत्रों की अस्वीकृति के मामले।*

10 सीखे गए प्रमुख सबकों का अनुप्रयोग

10.1 प्रत्येक आपदा इससे सीखने का अवसर प्रस्तुत करती है। तमिलनाडु सरकार ने राज्य में आपदा से निपटने की तैयारियों को मजबूत करने के लिए दिसंबर, 2015 के कहर के बाद उसको मिले अवसर का उपयोग किया। एक वर्ष बाद, दिसंबर, 2016 में, शहर एक और विकट मौसम वाली घटना के साथ जूझ रहा था। उष्णकटिबंधीय चक्रवात वरदा। इस बार सरकार ने पहले से ही अच्छी तरह से बारिश, बाढ़, बादल फटने, सूखे या चक्रवाती तूफान की घटना से निपटने के लिए तैयारी के उपाय किए थे। तदनुसार, तमिलनाडु एसडीएमए ने अपने पत्र संख्या एनसी1(4)/5779/2016, दिनांकित 04.10.2016 द्वारा साप्ताहिक रूप से विभिन्न उपायों के कार्यान्वयन और प्रगति की रिपोर्ट करने के लिए एक समग्र जांच–सूची/चेकलिस्ट और प्रारूपों के साथ सभी जिला कलक्टरों और बृहत्तर चेन्नई नगर निगम को समेकित निर्देशों के साथ उत्तर पूर्व मानसून 2016 हेतु अनुपालन के लिए एक आदेश जारी किया (अनुबंध XIV)। इससे जानमाल का बहुत कम नुकसान हुआ, क्योंकि बचाव और निकासी अभियान को प्रभावी ढंग से आयोजित किया गया था। बड़े पैमाने पर बहाली के प्रयास शुरू किए गए थे और बहुत कम समय के भीतर बुनियादी ढांचे को सामान्य स्थिति में वापस लाया गया।

10.2 2016 के दौरान वरदा चक्रवात और उत्तर पूर्व मानसून के प्रभाव को कम करने के लिए की गई तैयारियों की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं:

- पानी की टंकियों से जुड़े चैनलों की सफाई हेतु मानसून के मौसम से पहले विशेष अभियान चलाए जाते हैं।
- सरकारी और निजी क्षेत्र के प्रयासों के बीच रहीं कमियों को दूर कर दिया गया। निजी कंपनियां आपदा के बाद, वाहनों की मरम्मत, ऋण चुकौती कार्यक्रम का पुनर्निर्धारण तथा कार्मिक प्रबंधन के लिए आगे आईं।
- उनकी आकस्मिक योजनाओं पर चर्चा करने के लिए, राज्य सरकार ने सभी हितधारकों के साथ एक बैठक बुलाई थी जिसने मोचन बलों की पूर्व–नियोजित तैनाती को सुनिश्चित किया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की अतिरिक्त टीमें तथा सेना, नौसेना और तटरक्षक बल से दस्तों (कॉलम) को तैयार कर जुटाई गईं तथा असुरक्षित क्षेत्रों में पूर्व–तैनाती की गई।
- इसी तरह की बैठकें जिला और राज्य स्तर पर अस्पतालों, शैक्षिक और औद्यागिक संगठनों, संचार सेवा प्रदाताओं और तेल कंपनियों आदि को जागरूक बनाने के लिए तथा उन्हें आपदाओं के दौरान तत्काल मोचन के लिए संस्थागत रणनीतियों से लैस करने के लिए जागरूक बनाने के लिए जीवन रक्षक सेवाओं, विशेषकर अस्पतालों में, की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए, सहायक–व्यवस्था करने के लिए भी उनहें जागरूक किया गया।
- एक समन्वित दृष्टिकोण ने समय पर सुरक्षित निकासी और न्यूनतम हताहतों की संख्या को सुनिश्चित किया।
- बाढ़/चक्रवाती तूफानों के दौरान बिजली की आपूर्ति बंद कर दी गई थी।
- डीजल जनरेटर (डीजी) को उन्नत तल/ऊपरी मंजिलों में स्थानान्तरित कर दिया गया था। 2015 के बाढ़ के दौरान मोबाइल सेवा संचालकों/ऑपरेटरों के डीजी सेट क्षतिग्रस्त हो गए थे, क्योंकि उन्हें तहखानों में स्थापित किया गया था।
- सुरक्षित स्थानों पर उचित भंडारण सुविधाओं के साथ बिजली/तेल/दूरसंचार कंपनियों के साथ पर्याप्त डीजल/तेल स्टॉक। जबकि 2015 के दौरान केवल बीएसएनएल के पास पर्याप्त स्टॉक था, इनमें से प्रत्येक सेवा प्रदाता के पास 2016 पूर्वोत्तर मानसून के दौरान पर्याप्त भंडार था।

- 2016 के पूर्वोत्तर मानसून के दौरान कम से कम 5,000 पुलियाओं की पहले ही सफाई का काम किया गया था। इसी तरह, पुलों और पुलिया के मुहानों (आउटलेट्स) को भी साफ किया गया था–500 मीटर नदी की ऊपर–मुखी (अपस्ट्रीम) दिशा और एक समान दूरी पर अधोमुखी (डाउनस्ट्रीम) दिशा में।
- क्या करें तथा क्या नहीं करें पर स्थानीय समुदायों के बीच जागरूकता तथा निकास मार्गों और राहत आश्रय–स्थलों का ज्ञान।
- उत्तर–पूर्व मानसून 2016 के दौरान आपदा से निपटने की तैयारी के उपायों की निगरानी करने के लिए तथा अन्तर–विभागीय समन्वय के लिए प्रत्येक जिला/क्षेत्र (जोन) के लिए मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को पदनामित किया गया था।
- शिक्षा विभाग ने यथाशीघ्र राहत शिविरों में ही स्कूली बच्चों के लिए पुस्तकों/यूनिफॉर्म/अन्य शिक्षण सामग्री को वितरित किया, जैसा कि 2015 में किया गया था। इसके फलस्वरूप शिक्षण परिणाम स्तरीय बना रहा था।
- बाढ़ के बाद जब विद्यालय पुनः खुला, तब जल से भरे टैंकों की सफाई की गई थी और उनमें ताजा पानी भरा गया था।
- सरकारी अस्पताल के भवनों में सबसे पहले विद्युत आपूर्ति बहाल की गई थी। बाद में, एक–एक करके अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के लिए बिजली की बहाली की गई थी।
- बाढ़ की स्थितियों के दौरान पशुओं/मवेशियों को खुला छोड़ दिया गया था।
- उत्तर–पूर्व मानसून मौसम के पहले पानी की टंकियों का क्लोरीनीकरण किया गया था।
- प्रत्येक असुरक्षित में 10 ऐसे मोचकों की टीम के साथ तैराकी और चढ़ाई के कौशल वाले स्वयंसेवकों को पहले मोचक के रूप मे नामांकित किया गया था। कुल 1499 की प्रथम मोचक टीम का गठन किया गया था। सांप पकड़ने वालों (सपेरों) की मोबाइल टीमें भी बनाई गई थीं।
- 22899 टैंकों और 11,446 किमी. जल निकायों से गाद निकालने के लिए बड़े पैमाने पर अभ्यास किए गए थे। इसके अतिरिक्त, कम से कम 15,870 पुलों के दोनों ओर रुकावटों को दूर करने के लिए 500 अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दिशा में 1.4 लाख से अधिक पुलिया भी बनाई गई थीं और बाधा वाले अतिक्रमण हटाए गए थे।
- कुल 6,960 रिचार्ज गड्ढे बनाए गए थे और 8,657 पुराने बोर–कुओं को भी रिचार्ज–गड्ढों के रूप में परिवर्तित किया गया था।
- आवश्यक कार्यों को करने के लिए बचाव दलों की तेजी से आवाजाही की सुविधा के लिए असुरक्षित क्षेत्रों में हरित गलियारों (ग्रीन कोरिडोर) का निर्माण।

11 आपदा से निपटने की बेहतर तैयारी के लिए किए गए अन्य उपाय

11.1 तत्काल राहत के उपायों के अलावा, तमिलनाडु की सरकार ने भविष्य में इसी तरह की आपदा की स्थिति की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कई दीर्घकालिक उपायों को भी शुरू किया था। इन पहलों से इस तरह की तबाही के मूल कारणों के निवारण किया जाता है और देश भर के प्रमुख शहरों के लिए इनको आसानी से संदर्भित किया जा सकता है।

- 2015 की बाढ़ से सबक लेते हुए, मास्टर प्लान 2030, तैयारी के अंतर्गत है। यह एक दीर्घकालिक योजना के माध्यम से ऐसे परिमाण की आपदाओं का प्रबंधन करने के लिए एक संस्थागत रूपरेखा बनाएगा।
- दीर्घकालिक संरक्षण और मोचन योजनाओं को तैयार किया जा रहा है।
- टैंकों/जलाशयों की नियमन–प्रक्रिया को तैयार किया जा रहा है।
- ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों का वर्गीकरण और उसके बाद की मैपिंग, बाढ़ के आधार पर बाढ़ के लिए उनकी संवेदनशीलता तय करने के लिए : 5 फीट और अधिक जल–उच्च असुरक्षितता; 2–3 फीट जल–सामान्य असुरक्षितता, 2 फीट से कम जल–कम असुरक्षितता।
- आकाश से की जाने वाली फोटोग्राफी के लिए मानव रहित वाहन (ड्रोन) तैनात करने की योजना है।
- जलकुंभनियों के कारण रुकावटों को दूर करने के लिए एसडीआरएफ को 100 टन क्षमता की क्रेनों से लैस करने का प्रस्ताव।
- ग्रामीण क्षेत्रों में सभी नदियों की यूएवी फोटोग्रामेट्री
- समुद्र के किनारे स्टोर्म सर्ज मॉडलिंग।
- टैंकों की डिजाइन की गई डिस्चार्ज क्षमता का अध्ययन करें क्योंकि इसमें कमी रहने से टैंकों में दरार पड़ सकती है।
- सार्वजनिक किए जाने वाले जल संसाधनों पर जानकारी का एक संग्रह।
- निर्दिष्ट क्षेत्रों के पूर्व–निरीक्षण और निगरानी के लिए टीम लीडरों के साथ अंतर–विभागीय टीमों का गठन।
- संवेदनशीलता मानचित्रों पर निकटतम राहत आश्रय–स्थल के लिए निकास–मार्गों की पहचान करें।
- अस्पतालों को अपनी आपातकालीन योजनाएं तैयार करने के लिए कहा गया था।

12 तमिलनाडु की बाढ़ के अनुभव पर आधारित प्रस्तावित उपाय

- जानकारी/सूचना प्राप्त करने के लिए केवल फील्ड अधिकारियों पर निर्भर न रहें।
- मानसून के दौरान असुरक्षित/निचले क्षेत्रों के पास रणनीतिक रूप से नौकाओं की तैनाती की आवश्यकता है। क्षेत्र की असुरक्षितता के अनुरूप लॉरियों और जेसीबी, आदि की पूर्व–तैनाती किया जाना अत्यावश्यक है।
- आपदा से निपटने की तैयारियों के लिए हर स्तर पर *आपदा मित्र* को तैनात करने की जरूरत है।
- प्रथम मोचकों के रूप में नौजवानों/यंगस्टर्स को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। स्थानीय स्तर पर इन पहले मोचकों और आधिकारिक मोचक टीमों के बीच समन्वय को सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
- अतिरिक्त आपातकालीन प्रचालन केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता है।
- यह सुनिश्चित करने के लिए कि राहत और बचाव कार्य में बाधा न आए, एक निर्धारित अवधि के भीतर (जैसे ऐसी किसी घटना के 15–30 दिनों के भीतर) जनहित याचिकाओं (पीआईएल) पर विचार नहीं किया जाना चाहिए।
- सभी अभिलेखों (रेकॉर्ड) को इलेक्ट्रॉनिक रूप से बनाए रखने की आवश्यकता है। तमिलनाडु में, ये रेकॉर्ड राजस्व और आईटी विभाग दोनों के पास उपलब्ध हैं।
- आपदा से निपटने की तैयारियों के उपाय तथा/या प्रशमन उपाय के रूप में समग्र संरचनात्मक सुधार।
- आपदा के दौरान संचार नेटवर्क के टूटने/भंग होने के बावजूद निर्बाध संचार के लिए कई चैनल एचएएम (हैम) रेडियो की उपलब्धता। अधिकारियों/फ्रंट–लाइन मोचकों/सामुदायिक मोचकों को एचएएम रेडियो का उपयोग करने के तरीके के बारे में भी प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।
- सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रलेखन।
- आपदा प्रबंधन योजनाओं को संशोधित करने की आवश्यकता।
- नदी किनारे अतिक्रमण को हटाना, प्रत्येक मानसून चक्र से पहले समय पर निरीक्षण।
- पावर बैकअप के लिए सभी तालुका कार्यालयों में जनरेटर की आवश्यकता होती है। पानी की आपूर्ति भी बिजली की कमी के कारण बाधित हो जाती है।
- सामुदायिक तालाबों के द्वारा बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए तथा मवेशियों हेतु उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष मवेशी तालाबों की आवश्यकता।
- नागरिक आपूर्ति निगम को पर्याप्त स्टॉक बनाए रखना चाहिए और जब भी आवश्यकता हो, उन्हें तेजी से स्थानांतरित करने में सक्षम होना चाहिए।
- केवल एक नामित कार्यालय/अधिकारी/प्रवक्ता को मीडिया को जानकारी देनी चाहिए।
- किसी भी शहर/नगर में शहरी बाढ़ प्रशमन की योजना बनाते समय मृदा विश्लेषण और भूमि उपयोग पैटर्न को ध्यान में रखा जाना चाहिए।
- एक मानक परिवार किट के बारे में एक नीति बनाई जानी चाहिए जो आपदा की स्थिति में पीड़ित परिवारों तक पहुंचाई जाएगी।
- आपदाओं के बारे में सार्वजनिक जागरूकता आपदा जोखिम में कमी के लिए समुदाय आधारित भागीदारी के दृष्टिकोण के साथ बनाई जानी चाहिए।
- मौसम विभाग से मिली जानकारी को उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है।
- विभिन्न दस्तावेजों की डुप्लीकेट प्रतियां जारी करने के लिए प्रस्तावित फॉर्मेट (अनुबंध XV से XVIII तक)

13 तमिलनाडु सरकार के लिए विशिष्ट अनुशंसाएं

- चेन्नई शहर के लिए एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाना चाहिए। इस समिति को क्षेत्र के लिए जारी किए गए हाइड्रोलॉजिकल और मौसम संबंधी पूर्वानुमानों को ध्यान में रखते हुए उचित रूप से विनियमित करने और अपस्ट्रीम झीलों/टैंकों से पानी छोड़ने के लिए मौके पर ही (ऑन–साइट) निर्णय लेने के लिए पर्याप्त अधिकार दिया जाना चाहिए। भारी वर्षा के दौरान, इस समिति को बाढ़ के पूर्वानुमानों की समीक्षा के आधार पर झीलों/टैंकों/जल निकायों से पानी छोड़ने पर अंतिम आदेश का अधिकार होना चाहिए।

- चेन्नई शहर को वर्षा की प्रभावी निगरानी और चेतावनी जारी करने के लिए, स्वचालित मौसम केंद्रों (एडब्ल्यूएस) का अपना नेटवर्क, यानी हर चार वर्ग किलोमीटर के लिए एक स्टेशन, तैयार करना चाहिए। इसका उपयोग उपग्रह मानचित्र एनिमेशन, आईएमडी चेतावनियों और बाढ़ पूर्वानुमान सॉफ्टवेयर के साथ किया जाना चाहिए। इसे विभिन्न कारकों के कारण अचानक आई आंधी युक्त बाढ़ (20 मिमी./घंटे से 120 मिमी./घंटे), तेजी से चलती/बदलती मौसम की गड़बड़ी, भारी बारिश आदि की आपदा/समस्या के हल के लिए प्रयत्न करना चाहिए।

- सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रलेखन और उसको सार्वजनिक क्षेत्र में आम लोगों के साथ साझा करना ताकि अन्य राज्य चेन्नई के अनुभव के आधार पर उनसे सीख लें और बाढ़ जोखिमों का प्रशमन कर सकें। यह अन्य देशों, विशेष रूप से एशिया के विकासशील देशों, को बाढ़ पश्चात् पुनर्वास प्रयासों की योजना बनाने में भी मदद कर सकता है।

சுருக்கம்

பேரிடர் மேலாண்மை – 2015ஆம் வருட வடகிழக்கு பருவமழை காலத்தில் ஏற்பட்ட வெள்ளத்தின் காரணமாக நிலம் மற்றும் வீட்டு மனைப் பட்டா, கல்வி சான்றிதழ் மற்றும் பிற சான்றிதழ்களை இழந்த பொதுமக்களுக்கு அவற்றை வழங்கும் பொருட்டு சிறப்பு முகாம் நடத்துதல் – ஆணை வெளியிடப்படுகிறது.

வருவாய் [பே.மே.2] துறை

அரசு ஆணை (நிலை) எண்.423 நாள்:07.12.2015

மன்மத, கார்த்திகை 21,
திருவள்ளுவராண்டு 2046

படிக்கவும்:

மாண்புமிகு முதலமைச்சர் அவர்களின் அறிக்கை, நாள் 07.12.2015

*****

ஆணை:

மாண்புமிகு முதலமைச்சர் அவர்கள், 2015ஆம் வருட வடகிழக்கு பருவமழை காலத்தில் ஏற்பட்ட வெள்ளத்தின் காரணமாக நிலம் மற்றும் வீட்டு மனைப் பட்டா, கல்வி சான்றிதழ் மற்றும் இதுபோன்ற பிற சான்றிதழ்களை இழந்த பொதுமக்களுக்கு அவற்றை வழங்கும் பொருட்டு ஆணை பிறப்பித்துள்ளார்கள்.

2. மாண்புமிகு முதலமைச்சர் அவர்களின் அறிக்கையில் ஆணையிட்டுள்ளவாறு ஆவணங்களை இழந்துள்ள பொதுமக்களுக்கு மீண்டும் அவற்றை வழங்கும் பொருட்டு பின்வருமாறு ஆணையிடப்படுகிறது:–

